- निरीक्षण
- रेटिंग स्केल
- चैकलिस्ट

84. उत्तर (4)

व्याख्या:-

- तादात्मीकरण में व्यक्ति अपने आप को किसी समायोजित व्यक्ति के अनुरूप प्रस्तुत करता है, जबकि वह वैसा नहीं है।

कलाम ACADEMY

85. उत्तर (2)

व्याख्या:-

- समाज द्वारा स्वीकृत दिशा में अपनी ऊर्जा का स्थानांतरण ही उदात्तीकरण या शोधन है।

86. उत्तर (4)

व्याख्या:-

- **चेतावनी रा चूँगट्या** - इन 13 दोहों (सोरठों) के माध्यम से केसरीसिंह ने स्वाभिमानी शासक फतेहसिंह को दिल्ली दरबार (1903) में जाने से रोका था।

87. उत्तर (2)

व्याख्या:-

- मीसण कृत वीर सतसई स्वाधीनता संग्राम कालीन रचना है।
- वीर सतसई को 1857 की क्रांति का दस्तावेजी काव्य तथा प्रेरणादायी काव्य भी कहा जाता है।

88. उत्तर (1)

व्याख्या:-

- **यादवेन्द्र शर्मा (बीकानेर)**- इनकी प्रमुख रचनाएँ- जमारो, ढोलन कुंजकली (उपन्यास), गुलाबड़ी, चकवे की बात, विडम्बना, लाज राखो राणी सती।

  उपन्यास- संन्यासी और सुन्दरी, दीया जला और दीया बुझा, मिट्टी का कलंक, नया इंसान, पथहीन, ठुकराणी, जनानी ड्योढ़ी, एक और मुख्यमंत्री, ढोलन कुंजकली।

  यादवेन्द्र शर्मा के नाटक- ताश रो घर, महाराजा शेख चिल्ली, मैं अश्वत्थामा, चुप हो जाए पीटर, चार अजूबे, आखिरी पड़ाव, जीमूतवाहन, महाबली बर्बरिक।

  यादवेन्द्र शर्मा की अन्य रचनाएँ- हजार घोड़ों पर सवार, मिट्टी का कलंक, खम्भा अन्नदाता, चांदा सेठाणी, लाज राखो राणी सती, हूँ गोरी किण पीव री, समन्द अर थार, जोग संजोग।

- **चन्द्रप्रकाश देवल**- उदयपुर

  रचनाएँ- पागी, बोलो माधवी, उडीक पुराण, झुरावो, हिरणा! मौन साध वन चारणा (राजस्थानी भाषा), 'कावड़', 'मारग', 'तोपनामा', 'पछतावा', 'मृत्यु किसी को डराती नहीं', 'मृत्यु से मत भागो', 'विपथगा', 'रागविजोग'।

- **नरहरिदास बारहठ**- नागौर

  प्रमुख रचनाएँ- अवतार चरित्र, दशम स्कन्ध पुराण, अहिल्या पूर्व प्रसंग आदि।

- **नथमल जोशी-**

  कहानी संग्रह- परण्योड़ी कंवारी।

  उपन्यास- आभैपटकी, धोरां रौ धोरी, एक बीनणी दो बीन।

  धोरां रौ धणी उपन्यास इटली निवासी डॉ. टेसीटौरी के जीवन पर आधारित है।

  इन्होंने गाँधीजी की जीवनी 'आपणा बापूजी' नाम से लिखी।

89. उत्तर (4)

व्याख्या:-

- **कवि बांकीदास री ख्यात :**

  बांकीदास ने आयो अंग्रेज मुलक रे ऊपर, गौरा हट जा राज भरतपुर रो नामक गीतों की रचना की।

  बांकीदास की अन्य रचनाएं : सूर छत्तीसी, दातार बावनी, कायर बावनी, सुपह छत्तीसी, चुगल मुख चपेटिका, मान जसो मंडन, जेहड़जस जड़ाव, भुरजल भूषण, हमरोट छतीसी, सिद्धराव छतीसी इत्यादि।

90. उत्तर (4)

व्याख्या:-

- कन्हैयालाल सेठिया का जन्म 1919 में चूरु जिले के सुजानगढ़ कस्बे में हुआ।
- धरती धोरा री, पाथल और पीथल, मींझर, लीलटांस, जमीन रो धणी कुण, सबद, सतवादी, वनफूल (पहला काव्य संग्रह), रमणियै रा सौरठा, धरमजलां, धरकूंचा, कूं-कूं, मायड़ रो हैलो, अघोरीकाल, हेमाणी, लीक लकोलिया इनकी लोकप्रिय कृतियां है।
- 2004 में पद्म श्री सम्मानित।
- 2012 में राजस्थान रत्न से सम्मानित।

कलाम ACADEMY

91. Ans. 4

व्याख्या:-

- अलाउद्दीन खिलजी ने कम वेतन पर विशाल सेना का गठन करने के लिए बाजार व्यवस्था का गठन किया जिसकी जानकारी बरनी की पुस्तक 'तारीख-ए-फिरोजशाही' में मिलती है।
- इस बाजार व्यवस्था में अलाउद्दीन खिलजी ने तीन प्रकार के बाजार-अनाज, कपड़ा व अन्य वस्तु (दास व मवेशी) बनाये। प्रत्येक बाजार के अधीक्षक को शहना कहा जाता था एवं शहना-ए-मंडी के पद पर सर्वप्रथम मलिक कबूल को नियुक्त किया गया था।
- अलाउद्दीन खिलजी ने बाजार के लिए सात नियम पारित किए थे।

92. Ans. 4

व्याख्या:-

- सल्तनतकाल में नायक-ए-ममलिकात के पद का सृजन बहराम शाह द्वारा किया गया था।
- इस पद पर बहरामशाह ने सर्वप्रथम एतगीन को नियुक्त किया था।

93. Ans. 2

व्याख्या:-

- दिल्ली सुल्तानों के समय में कुछ विशेष करों के अतिरिक्त निम्नलिखित पाँच मुख्य कर थे-

1. उश्र- यह मुसलमानों से लिया जाने वाला भूमिकर था। जिस भूमि पर प्राकृतिक साधनों से सिंचाई होती थी, वहाँ से पैदावार का 10 प्रतिशत और जिस भूमि पर मनुष्यकृत साधनों से सिंचाई होती थी, वहाँ पर पैदावार का 5 प्रतिशत भूमिकर के रूप में लिया जाता था।
2. खिराज़- यह गैर-मुसलमानों से लिया जाने वाला भूमिकर था, जो पैदावार के एक-तिहाई से लेकर आधे तक विभिन्न सुल्तानों ने लिया था।
3. खम्स- यह युद्ध में लूट से प्राप्त धन में राज्य का भाग होता था। यह कुल लूट का 1/5 भाग होता था तथा 4/5 भाग सैनिकों में बाँट दिया जाता था, लेकिन अलाउद्दीन खिलजी तथा मुहम्मद बिन तुगलक के समय में कुल लूट का 4/5 भाग राजकोष में जमा करवाया जाता था तथा 1/5 भाग सैनिकों में बाँटा जाता था।
4. जकात- यह मुसलमानों से लिया जाने वाला धार्मिक कर था। यह आय का 2.5 प्रतिशत भाग होता था।

94. Ans. 3

व्याख्या:-

दिल्ली सल्तनत के प्रमुख अधिकारी एवं उनके कार्य-

विभाग/प्रमुख	प्रमुखाध्यक्ष
बरीद-ए-मुमालिक	गुप्तचर एवं डाक विभाग का अध्यक्ष
सद्र-उस-सुदूर	धर्म विभाग का प्रधान
बारबक	राज दरबार में अनुशासन बनाए रखना
अमीर-ए-हाजिब	शाही दरबार में आने वालों की जाँच पड़ताल कर सुल्तान के समक्ष प्रस्तुत करना
अमीर-ए-शिकार	सुल्तान के शिकार की व्यवस्था करना
सर-ए-जहाँदार	सुल्तान के अंग रक्षकों का अधिकारी
अमीर-ए-आखूर	अश्वशाला का प्रमुख
अमीर-ए-मजलिस	राज दरबार में होने वाले उत्सवों और दावतों का प्रबंध करना
शहना-ए-पील	हस्तिशाला का प्रमुख
दीवान-ए-इस्तिहाक	पेंशन विभाग का अध्यक्ष
दीवान-ए-खैरात	दान विभाग का अध्यक्ष

95. Ans. 3

व्याख्या:-

दिल्ली सल्तनत के प्रमुख अधिकारी एवं उनके कार्य-

- सर - ए - जानदार - सुल्तान के अंगरक्षकों का प्रमुख
- सर - ए - जमादार - सुल्तान के वस्त्रों को प्रबंधक
- बरीद - ए - खास - गुप्तचर विभाग का प्रमुख
- अमीर - ए - आखूर - अश्वशाला का अध्यक्ष

कलाम ACADEMY

96. Ans. 4

व्याख्या:-

- सल्तनत काल में मुशरिफ – ए – मुमालिक महालेखाकार होता था। इसका कार्यालय दीवान – ए – अशरफ कहलाता था।
- मुस्तौफी – ए – मुमालिक महालेखा परिक्षक होता था जिसका कार्यालय दीवान – ए – इस्तीफा कहलाता था।

97. Ans. 3

व्याख्या:-

- सल्तनत काल में तुगलक वंश में वजीरों का प्रभुत्व अत्यधिक बढ़ गया था। इस कारण तुगलक वंश का काल वजीरो का चरमोत्कर्ष काल कहलाता है।
- फिरोजशाह तुगल के वजीर खान-ए-जहां तेलंगानी का मकबरा तेलंगानी प्रथम के पुत्र खान-ए-जहां तेलंगानी-II (जौना शाह) ने करवाया था। यह भारत का प्रथम अष्टभुजाकार मकबरा है।

98. Ans. 2

व्याख्या:-

- सल्तनतकाल में मसाहत नामक प्रणाली को अलाउद्दीन खिलजी ने आरंभ किया था, इसके अनुसार भूमि की नाप-जोख करने के पश्चात् उसके क्षेत्रफल के आधार पर लगान निर्धारित किया जाता था।
- मुक्ताई सल्तनत काल में लगान निर्धारित करने की एक मिश्रित प्रणाली थी।

99. Ans. 3

व्याख्या:-

- सल्तनत काल में गुप्तचर एवं डाक विभाग का अध्यक्ष बरीद-ए-मुमालिक कहलाता था।
- सल्तनतकाल में गुप्तचरों को मुनही/मुनहियान कहा जाता था।

100. Ans. 3

व्याख्या:-

- सल्तनत काल में मजमुआदार का कार्य आय व्यय को ठीक करना एवं ऋण का हिसाब रखना होता था।

101. Ans. 4

व्याख्या:-

- संपूर्ण मुगल साम्राज्य को सूबों में बाँटा गया था। प्रत्येक सूबे की अपनी पृथक राजधानी होती थी जहाँ सूबे के शासन का प्रधान सूबेदार रहता था। सूबेदार को नाजिम/सिपहसालार आदि के नाम से भी पुकारा जाता था।
- मुगलकाल में नगर के शासन का प्रधान कोतवाल कहलाता था। काजी एवं मीर-ए-अदल आदि नगर प्रशासन के प्रमुख अधिकारी होते थे।

102. Ans. 1

व्याख्या:-

- मुगल प्रशासन में सैन्य व असैन्य अधिकारियों के पदानुक्रम हेतु अकबर ने मनसब प्रणाली प्रारम्भ की थी।
- यह श्रेणी व्यवस्था थी जिसके द्वारा पद, वेतन तथा सैन्य उत्तरदायित्व निर्धारित किए जाते थे। पद तथा वेतन का निर्धारण जात की संख्या पर निर्भर था।
- **जात**- यह शाही पदानुक्रम में अधिकारी (मनसबदार) के पद व वेतन का सूचक था।
- **सवार**- किसी मनसबदार से कितने घुड़सवार अपेक्षित वह संख्या।
- मनसबदारी प्रणाली में प्रत्येक जागीरदार प्राथमिक रूप से मनसबदार होता था लेकिन प्रत्येक मनसबदार जागीरदार नहीं था क्योंकि कुछ मनसबदारों को जागीर ना देकर नगद अदायगी दी जाती थी।

103. Ans. 2

व्याख्या:-

मुगलकालीन प्रमुख अधिकारी और उनके कार्य-

- सावानिह निगार - समाचार भेजने वाला
- जामा-ए-कामिल - सामान्य दर पर लगान निर्धारण
- अहदी - बादशाह के व्यक्तिगत सैनिक
- अशरफ - कुलीन वंश का व्यक्ति

104. Ans. 3

व्याख्या:-

- मनसबदारी प्रणाली में जात और सवार के पद को आरंभ करने के साथ-साथ अकबर ने अपने 5000 और उससे कम संख्या के मनसबदारों की श्रेणियों में से प्रत्येक श्रेणी को तीन भागों में बांट दिया था।
- यदि एक मनसबदार को समान संख्या का सवार और जात का पद दिया जाता था तो वह अपनी श्रेणी के मनसबदारों में प्रथम श्रेणी का मनसबदार माना जाता था।
- यदि एक मनसबदार को सवार का पद अपने जात के पद से कम संख्या का परंतु आधे से कम नहीं, का प्राप्त होता था तो वह अपनी श्रेणी के मनसबदारों में द्वितीय श्रेणी का मनसबदार माना जाता था।
- यदि मनसबदार को सवार का पद अपने जात के पद की संख्या के आधे से कम का प्राप्त होता था तो वह अपनी श्रेणी के मनसबदारों में तृतीय श्रेणी का मनसबदार माना जाता था।

कलाम ACADEMY

105. Ans. 2

व्याख्या:-

- फरवरी 1527 ई. में सांगा रणथम्भौर से बयाना पहुँच गया। बयाना दुर्ग पर बाबर की तरफ से मेंहदी ख्वाजा दुर्ग के रक्षक के रूप में तैनात था। सांगा ने दुर्ग को घेरकर मुगल सेना को कमजोर कर दिया।
- बाबर ने बयाना की रक्षा के लिए मोहम्मद सुल्तान मिर्जा की अध्यक्षता (नेतृत्व) में सेना भेजी किन्तु राजपूतों ने इस सेना को परास्त कर खदेड़ दिया। अंततः 16 फरवरी, 1527 ई. को बयाना पर राजपूतों (सांगा) की विजय हुई।

106. Ans. 3

व्याख्या:-

- बाबर व राणा सांगा के मध्य संघर्ष का एक महत्त्वपूर्ण कारण सांगा द्वारा पानीपत के तृतीय युद्ध के समय सल्तनकालीन क्षेत्रों पर अधिकार कर लेना था।
- पानीपत के युद्ध से उत्पन्न अव्यवस्था का लाभ उठाकर सांगा ने खण्डार दुर्ग (रणथम्भौर के निकट) व उसके आस-पास के 200 गाँवों को अधिकृत कर लिया जिससे वहाँ के मुस्लिम परिवारों को पलायन करना पड़ा।

107. Ans. 1

व्याख्या:-

- मेवाड़ के संग्रामसिंह (सांगा) द्वारा विभिन्न शासकों को भेजे निमंत्रण (पाती परवण प्रथा) पर अफगान नेता हसनखाँ मेवाती तथा महमूद लोदी तथा राजपूताने के जिनमें से मारवाड़ के राव गांगा ने अपने पुत्र मालदेव को, आमेर का पृथ्वीराज, ईडर का राजा भारमल, मेड़ता के वीरमदेव मेड़तिया, वागड़ का रावल उदयसिंह, सलुम्बर का रावत रत्नसिंह, चंदेरी का मेदिनीराय, सादड़ी का झाला अज्जा, देवलिया का रावत बाघसिंह, जालौर के अखेराज सोनगरा, सिरोही का अजराज देवड़ा, ऊपरमाल का अशोक परमार, गोकुलदास परमार और बीकानेर के कुंवर कल्याणमल, सज्जा चुंडावत, रावत जग्गा, सारंगदेवोत, कर्मचंद आदि ससैन्य सांगा की सहायतार्थ पहुँच गए।

108. Ans. 4

व्याख्या:-

- **सांगा द्वारा लड़े गए युद्ध:-**

युद्ध	वर्ष	विवरण
खातौली (कोटा)	1517 ई.	• राणा सांगा ने दिल्ली के सुल्तान इब्राहम लोदी को पराजित किया।
बाड़ी (धौलपुर)	1518 ई.	• राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी की सेना को पराजित किया।
गागरोन (झालावाड़)	1519 ई.	• राणा सांगा ने मालवा के महमूद खिलजी द्वितीय को पराजित किया।
बयाना (भरतपुर)	16 फरवरी 1527 ई.	• राणा सांगा ने मुगल शासक बाबर की सेना को पराजित किया।
खानवा (भरतपुर)	17 मार्च 1527 ई.	• तोपखाने एवं तुलुगमा पद्धति के कारण बाबर ने राणा सांगा को पराजित किया।

109. Ans. 2

व्याख्या:-

- खानवा के युद्ध में सांगा के मूर्छित हो जाने पर आमेर के पृथ्वीराज, जोधपुर के मालदेव व सिरोही के अखैराज आदि उसे बसवा (दौसा) ले गए।
- युद्ध संचालन के लिए सरदारों ने सलूंबर के रावत रत्नसिंह चूण्डावत से सैन्य संचालन की प्रार्थना की।
- रत्नसिंह ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए कहा कि 'मेरे पूर्वज मेवाड़ का राज्य छोड़ चुके हैं इसलिए मैं एक क्षण के लिए भी राज्य चिह्न धारण नहीं कर सकता परन्तु जो कोई राज्यछत्र धारण करेगा उसकी पूर्ण रूप से सहायता करूंगा और प्राण रहने तक शत्रु से लड़ूंगा।'

110. Ans. 1

व्याख्या:-

राणा सांगा की बाबर के विरूद्ध पराजय के कारण-

- राणा के विभिन्न सरदार देश-प्रेम के भाव से युद्ध में सम्मिलित नहीं हुए थे अपितु सभी सरदारों के अलग-अलग स्वार्थ थे।
- कई राजपूत सरदारों के मध्य परस्पर शत्रुता थी जिससे सेना में समन्वय तथा तालमेल का अभाव था।
- संधि वार्ताओं ने इनके उत्साह को कमजोर कर दिया।

कलाम ACADEMY

- राजपूत सैनिकों का परंपरागत हथियार से लड़ना वहीं बाबर का तोपखाना व तुलुगमा पद्धति।
- सांगा स्वयं का हाथी पर बैठकर युद्ध में उतरना तथा युद्ध स्थल से बाहर जाने से सैनिकों का मनोबल कमजोर हुआ।
- राजपूतों में अलग-अलग सरदारों का नेतृत्व।
- राजपूतों की हस्ति सेना के मुकाबले बाबर की अश्व सेना की गतिशीलता अधिक होना।

111. Ans. 1

व्याख्या:-

- अकबर ने राणा उदयसिंह के विरूद्ध अक्टूबर 1567 ई. में चित्तौड़ पर आक्रमण किया, किन्तु जयमल, फत्ता व कल्ला के भीषण प्रतिरोध के कारण अकबर 25 फरवरी 1568 ई. में चित्तौड़ पर अधिकार कर पाया।
- इस युद्ध में जयमल, फत्ता व कल्ला लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। फत्ता की पत्नी फूल कंवर के नेतृत्व में महिलाओं ने 24 फरवरी 1568 ई. को जौहर किया जो **चित्तौड़ का तीसरा साका** कहलाता है।

112. Ans. 1

व्याख्या:-

हल्दीघाटी युद्ध के संबंध में प्रसिद्ध कथन :

1. खमनौर का युद्ध - अबुल-फजल
2. गोगुंदा का युद्ध - बदाँयूनी
3. मेवाड़ की थर्मोपल्ली व हल्दी घाटी का युद्ध - जेम्स टॉड
4. बादशाह बाग का युद्ध - आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव

113. Ans. 1

व्याख्या:-

- अकबर ने प्रताप को अधीन करने के लिए निम्न शिष्टमंडल भेजे-

शिष्टमंडल	प्रतिनिधि	तिथि
प्रथम	जलालखान कोरची	नवम्बर 1572
द्वितीय	कुंवर मानसिंह	6 जून 1573
तृतीय	राजा भगवन्तदास	9 अक्टूबर 1573
चतुर्थ	राजा टोडरमल	12 दिसम्बर 1573

114. Ans. 4

व्याख्या:-



- महाराणा प्रताप की भील सेना का नेतृत्व राणा पूँजा भील ने किया था।

115. Ans. 2

व्याख्या:-

- हल्दीघाटी युद्ध के बाद भी अकबर ने महाराणा प्रताप को झुकाने के लिए 1576 ई. से 1585 ई. तक अनेक सैनिक अभियान किये।
- 3 अप्रैल, 1578 ई. को शाहबाज खाँ ने कुंभलगढ़ पर अधिकार किया जिसे मुगलों द्वारा पहली बार कुंभलगढ़ को अधीन किया गया था।

116. Ans. 3

व्याख्या:-

- महाराणा प्रताप के पुत्र अमरसिंह ने 1580 में शेरपुर के मुगल शिविर पर आक्रमण कर अब्दुर्रहीम खानखाना के परिवार की महिलाओं को बंदी बना लिया परन्तु प्रताप के कहने पर ससम्मान लौटा दिया। यह प्रताप के शील-स्त्री सम्मान का द्योतक है।

117. Ans. 1

व्याख्या:-

- जुलाई, 1582 ई. में प्रताप ने अपने सैनिकों के साथ मुगलों के प्रमुख थाने 'दिवेर' (राजसमंद) को घेर लिया।
- महाराणा प्रताप के पुत्र अमर सिंह ने इस चौकी पर तैनात मुगल सुबेदार (अकबर के चाचा) सेरिमा सुल्तान खाँ (गौरी) को एक ही वार में मार डाला तथा मुगल सेना पर विजय प्राप्त की।
- कर्नल टॉड ने दिवेर के युद्ध को मेवाड़ का मैराथन कहा है।

कलाम ACADEMY

118. Ans. 1

व्याख्या:-

- अकबर ने 6 दिसम्बर 1584 ई. को आमेर के जगन्नाथ कछवाहा (भारमल का छोटा बेटा) को अजमेर का सूबेदार बनाकर मेवाड़ पर आक्रमण करने के लिये भेजा। किन्तु उसे भी सफलता नहीं मिली।
- यह अकबर के द्वारा जगन्नाथ कछवाहा के नेतृत्व में भेजा गया अंतिम अभियान था। 1585 ई. के बाद अकबर ने प्रताप के विरूद्ध कोई सैन्य अभियान नहीं भेजा।

119. Ans. 3

व्याख्या:-

- राजसिंह ने अपने पिता जगतसिंह द्वारा आरम्भ किये गये चितौड़ दुर्ग की मरम्मत के कार्य को पूरा करने का निश्चय किया।
- चितौड़ दुर्ग के कार्य में आयी तीव्रता से चिन्तित मुगल सम्राट शाहजहाँ ने इसे 1615 ई. में हुई मुगल-मेवाड़ संधि की शर्तों के प्रतिकुल मानते हुए चितौड़ दुर्ग की दीवारों को ढ़हाने के लिए तीस हजार सैनिकों को **सादुल्ला खाँ** के नेतृत्व में भेजा।
- 1657-58 ई. में मुगल शाहजादों में उत्तराधिकार का संघर्ष छिड़ गया राजसिंह ने सक्रिय सहयोग किसी शहजादे का नहीं किया परंतु औरंगजेब से पत्र व्यवहार करता रहा।
- राजसिंह ने मुगल प्रशासन में उत्पन्न अव्यवस्था का फायदा उठाकर मेवाड़ का राज्यविस्तार करना प्रारंभ कर दिया।
- राजसिंह ने 'टीका दौड़' उत्सव का बहाना बनाकर 2 मई 1658 ई. में अपने राज्य के तथा बाहरी मुगल थानों पर हमले करना आरंभ दिया दरीबा पहली मुगल चौकी थी जिस पर हमला किया गया बाद में मांडल, बनेड़ा, शाहपुरा, खरवाड़, जहाजपुर, सावर और फूलिया पर अधिकार कर लिया।
- राजसिंह ने टोडा, मालपुरा, चाटसू, टोंक व लालसोट के मुगल थानों को लूटा।
- औरंगजेब ने राणा राजसिंह को **6000 जात एवं 6000 सवार का मनसब** प्रदान किया।
- 2 अप्रेल 1679 ई. में औरंगजेब ने हिन्दुओं पर पुन: जजिया कर लगाया।
- यह जजिया कर औरंगजेब तथा राजसिंह के मध्य उत्पन्न कटूता का एक प्रमुख कारण बनकर उभरा।
- राणा राजसिंह ने औरंगजेब द्वारा जजिया कर लगाने का पत्र लिखकर विरोध किया।

120. Ans. 1

व्याख्या:-

- महाराणा राजसिंह ने दुर्गादास राठौड़ के साथ मिलकर राठौड़-सिसोदिया गठबंधन बनाया।
- मेवाड़ महाराणा राजसिंह ने दुर्गादास राठौड़ को अजीतसिंह की परविश के लिए **केलवा** की जागीर दी तथा उनको सभी प्रकार से सहायता देने का वचन दिया।

121. Ans. 1

व्याख्या:-

- चन्द्रसेन को अधीन करने के लिए 1575 ई. में **जलाल खां** के नेतृत्व में सिवाना की तरफ अकबर ने बड़ी सेना फिर से भेजी जिसमें सैय्यद अहमद, सैय्यद हाशिम, शिमाल खां आदि शामिल थे। इस सेना पर चन्द्रसेन ने अवसर पा कर देवीदास के साथ मिलकर आक्रमण कर दिया। इस आक्रमण में जलाल खां मारा गया।
- अकबर ने **शाहबाज खां** को भेजा। शाहबाज खां ने देवकोर और दुनाड़ा पर अधिकार कर सिवाना को घेर लिया।
- खाद्य सामग्री समाप्त होने पर सिवाना के दुर्ग रक्षक को किला छोड़ना पड़ा तथा **1575 ई. में सिवाना दुर्ग पर अकबर का अधिकार** हो गया।

122. Ans. 2

व्याख्या:-

- जब रायसिंह को औरंगजेब की शामूगढ़ की विजय की सूचना मिली तो इस सूचना पर वह अपनी राजधानी वापस लौटा तथा अपने पुत्र सौभाग्यसिंह (सुल्तानसिंह) तथा भाई अरिसिंह को विजयी सम्राट (औरंगजेब) को भेंट व बधाई देने भेजा।

123. Ans. 4

व्याख्या:-

- राव चन्द्रसेन अकबरकालीन राजस्थान का प्रथम स्वतंत्र प्रकृति का शासक था।
- चन्द्रसेन पहला राजपूत शासक था जिसने अपनी रणनीति में पहाड़ों व चंगलों को प्राथमिकता दी।
- दुर्गादास राठौड़ को राठौड़ों का यूलीसेस कहा जाता है।

कलाम ACADEMY

124. Ans. 3

व्याख्या:-

- मुगल दरबार में बीकानेर शासक रायसिंह को 5000 का मनसब प्रदान था।
- रायसिंह ने सिरोही के देवड़ा सुरताण तथा जालौर के ताज खाँ के विद्रोह का दमन किया।
- रायसिंह को दो बार जोधपुर का प्रशासक नियुक्त किया गया था।

125. Ans. 3

व्याख्या:-

- बीकानेर शासक रायसिंह को 1593 ई. में बुरहान-उल-मुल्क के विरूद्ध अभियान में दानियाल का सहयोग करने के लिए थट्टा भेजा था।

126. Ans. 2

व्याख्या:-

- 1570 ई. में अकबर की अजमेर यात्रा के दौरान लगाये गये नागौर दरबार में बीकानेर का शासक कल्याणमल भी अपने पुत्र कुंवर रायसिंह तथा पृथ्वीराज के साथ मुगल सेवा में उपस्थित हो गया।
- रायसिंह अकबर के पुत्र सलीम (जहांगीर) का विश्वास पात्र था जब अकबर मृत्यु शैय्या पर था तो सलीम (जहांगीर) ने रायसिंह को अपना पक्ष मजबूत करने के लिए शीघ्र आगरा बुलाया।
- रायसिंह ने अपनी पुत्री का विवाह जहांगीर के साथ किया।
- जहांगीर ने अपने विजय जुलूस के उत्सव पर रायसिंह का मनसब पांच हजार जात/सवार कर दिया।

127. Ans. 2

व्याख्या:-

- रायसिंह की सेवाओं से प्रसन्न होकर अकबर ने उसे 1593 ई. में जूनागढ़ प्रदेश, काठियावाड़, नागौर 1600 ई. में तथा 1604 ई. में शमशाबाद व नूरपुर जागीर प्रदान कर **राय** की उपाधि दी।

128. Ans. 4

व्याख्या:-

- मुगलों द्वारा मानसिंह को काबुल, बंगाल व बिहार का सूबेदार का नियुक्त किया गया था।

129. Ans. 3

व्याख्या:-

- मानसिंह अकबर के नवरत्नों में से एक था। अकबर ने उसे **फर्जन्द (बेटा)** तथा मिर्जा राजा की उपाधि दी व अकबर ने ही 1605 ई. में मनसब बढ़ाकर 7000 जात व 6000 सवार कर दिया।
- 1569 ई. के रणथम्भौर आक्रमण के समय मानसिंह और उसका पिता भगवन्तदास अकबर के साथ थे। जो मुगल सेवा में मानसिंह का प्रथम अभियान था।
- मानसिंह ने 1590 से 1592 तक उड़ीसा के अफगान शासकों पर आक्रमण किया जिनमें जलेसर राज्य प्रमुख था अंत में अफगानों ने आत्म समर्पण कर दिया जिससे **मुगलों का उड़ीसा पर कब्जा** हो गया। उड़ीसा पहली बार मुगल साम्राज्य का हिस्सा बना।

130. Ans. 1

व्याख्या:-

- मानसिंह की सेवाओं से संतुष्ट होकर अकबर ने युसुफखाँ के स्थान पर 1580 ई. में मानसिंह को उत्तरी-पश्चिमी सीमान्त भागों तथा सिंध प्रदेश का स्वतंत्र अधिकारी नियुक्त किया।
- **हल्दीघाटी युद्ध** में मानसिंह के नेतृत्व में मुगल सेना ने महाराणा प्रताप से संघर्ष किया।
- मानसिंह की इस विफलता से नाराज अकबर ने मेवाड़ से मानसिंह तथा आसफखाँ को वापस बुला लिया।
- खींचीवाड़े के विद्रोह को दबाकर तथा मालवा में सुशासन व्यवस्था स्थापित कर मानसिंह ने पुनः अकबर का विश्वास जीत लिया।

कलाम ACADEMY

131. Ans. 1

व्याख्या:-

- मानसिंह ने मिर्जा हकीम (अफगान) के सेनापति शदमन (जिसने नीलम दुर्ग पर आक्रमण किया था) को पराजित किया। शदमन सूरजसिंह कछवाह द्वारा घायल हुआ जिसकी बाद में मृत्यु हो गई।

132. Ans. 2

व्याख्या:-

- मालदेव ने हुमायूँ के पास शेरशाह के विरूद्ध सहायता का प्रस्ताव भेजा लेकिन हुमायूँ लगभग 1 वर्ष के बाद मारवाड़ की ओर जाने का विचार किया। 7 मई, 1542 को हुमायूँ रोहरी से प्रस्थान कर अरू, देरावर, फलोदी, देईझर होते हुए अगस्त के प्रारम्भ के लगभग जोगीतीर्थ (कुल-ए-जोगी) पहुँचा।
- बादशाह के पुराने पुस्तकाध्यक्ष मुल्ला सुर्ख, जो मालदेव के पास आकर रह गया था ने सूचना भेजी की मालदेव के इरादे सही नहीं है अत: हुमायूँ को शीघ्रताशीघ्र मालदेव के राज्य से चले जाना चाहिए। इसके बाद हुमायूँ ने तुरंत अमरकोट की ओर प्रस्थान किया।

133. Ans. 2

व्याख्या:-

- निजामुद्दीन और अबुल फजल के अनुसार मालदेव का इरादा बदल चुका था और शेरशाह के द्वारा भेजे गए व्यक्ति से मंत्रणा कर बादशाह को गिरफ्तार कर शेरशाह के हवाले करना चाहता था।

134. Ans. 2

व्याख्या:-

- मालदेव अपने ज्येष्ठ पुत्र राम से नाराज था जबकि उससे छोटे पुत्र उदयसिंह को पटरानी स्वरूपदे (चंद्रसेन की माँ) ने राज्याधिकार से वंचित करवा दिया। इस कारण मालदेव की मृत्यु के बाद उसकी इच्छानुसार 31 दिसम्बर, 1562 ई. को चन्द्रसेन जोधपुर का शासक बना।
- चन्द्रसेन द्वारा चाकर की हत्या करने से नाराज सरदारों (जैतमाल, पृथवीराज प्रमुख) ने चन्द्रसेन से बदला लेने हेतु उसके भाई राम, उदयसिंह व रायमल के साथ गठबंधन किया। राम ने सोजत, रायमल ने दूनाड़ा व उदयसिंह ने गांगाणी व बावड़ी पर अधिकार कर लिया। उदयसिंह ने लोहावट के युद्ध में चन्द्रसेन से संघर्ष किया।

135. Ans. 3

व्याख्या:-

- राव चन्द्रसेन के नाराज भाइयों राम, उदयसिंह व रायमल के साथ आपसी कलह के कारण अकबर को हस्तक्षेप करने का मौका मिल गया।
- अकबर ने **हुसैनकुली खां** की अध्यक्षता में सेनी भेजी, जिसने **1564 ई.** को **जोधपुर पर अधिकार** कर लिया।

136. Ans. 1

व्याख्या:-

- चन्द्रसेन को आजीवन मुगलों से संघर्ष करना पड़ा जिसमें उसके सहयोगी रावल सुखराज, सूजा, सोजत का कल्ला, पत्ता राठौड़ (सिवाना) तथा देवीदास थे।

137. Ans. 2

व्याख्या:-

- **पं. विश्वेश्वरनाथ रेऊ** ने चन्द्रसेन की **तुलना महाराणा प्रताप** से की है।
- चंद्रसेन द्वारा की गई संघर्ष की शुरुआत को प्रताप ने जारी रखा इसी कारण चन्द्रसेन को **''प्रताप का अग्रगामी''** तथा **''मारवाड़ का प्रताप''** कहा जाता है।
- इतिहास में समुचित महत्व न मिलने के कारण चन्द्रसेन को **''मारवाड़ का भूला बिसरा नायक''** कहा जाता है।

138. Ans. 3

व्याख्या:-

- नागौर दरबार से लौट कर चन्द्रसेन ने मुगलों से संघर्ष के लिए भाद्राजूण में अपनी सेना को संगठित किया था।

139. Ans. 4

व्याख्या:-

- राणा सांगा के मूर्छित होने पर सरदारों ने सादड़ी के झाला अज्जा को हाथी पर बिठा कर युद्ध जारी रखा।

140. Ans. 2

व्याख्या:-

- मुगल शासक जहांगीर ने रायसिंह की नियुक्ति दक्षिण भारत में की थी जहां 22 जनवरी 1612 ई. में बुरहानपुर (मध्यप्रदेश) नामक स्थान पर उसकी मृत्यु हो गई।

कलाम ACADEMY

141. Ans. 3

व्याख्या:-

भूमध्य सागरीय कृषि

- यह कृषि 30° से 40° अक्षांशों के बीच महाद्वीपों के पश्चिमी भागों में भूमध्य सागरीय जलवायु वाले क्षेत्रों में की जाती है।
- इसका विस्तार भूमध्यसागर के समीपवर्ती क्षेत्र जो **दक्षिणी यूरोप से उत्तरी अफ्रीका में ट्यूनीशिया से एटलांटिक तट तक फैला है दक्षिणी कैलिफोर्निया (संता-आना नदी बेसिन), मध्यवर्ती चिली, दक्षिणी अफ्रीका का दक्षिणी पश्चिमी भाग एवं ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण व दक्षिण पश्चिम भाग** में है।

142. Ans. 3

व्याख्या:-

- **बागाती/बागानी/रोपण कृषि**- यह एक फसली कृषि है जिसमें किसी एक फसल के उत्पादन पर ही सकेन्द्रण किया जाता है।
- इस कृषि की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें कृषि क्षेत्र का आकार बहुत विस्तृत होता है।
- इसमें अधिक पूँजी निवेश, उच्च प्रबंध एवं तकनीकी आधार एवं वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है।

143. Ans. 3

व्याख्या:-

सामूहिक कृषि (Collective Farming):-

- इस प्रकार की कृषि का आधारभूत सिद्धांत यह होता है कि इसमें उत्पादन के साधनों का स्वामित्व संपूर्ण समाज एवं सामूहिक श्रम पर आधारित होता है। कृषि का यह प्रकार पूर्व सोवियत संघ में प्रारंभ हुआ था।
- यह कृषि प्रणाली 1917 में रूस में हुई बोल्शेविक क्रान्ति के बाद अस्तित्व में आई।
- इजरायल में सामूहिक कृषि फार्मों को **किबुत्जिम** कहा जाता है।

सहकारी कृषि (Cooperative Farming):-

- सहकारी कृषि आंदोलन की शुरूआत पश्चिमी यूरोप से हुई थी तथा **डेनमार्क** इसका प्रणेता था।
- सोवियत संघ जहाँ इसे **कोलखहोज** का नाम दिया गया।

144. Ans. 3

व्याख्या:-

सम्बन्धित देश-स्थानान्तरी कृषि के नाम-

देश	कृषि का नाम
मलेशिया व इंडोनेशिया	लदांग/लादांग
म्यांमार	टाँग्या (तुंग्या)
श्रीलंका	चेन्ना
थाइलैण्ड	तामराई
जावा व इण्डोनेशिया	जुमा/हुमा/हुमाह
मेडागास्कर/ मालागासी	टावी/तावी
फिलीपीन्स	केंगिन
वियतनाम	रे
मेक्सिको/मध्य अमेरिका	मिल्पा/कोमिली/बरबेको
वेनेजुएला	कोनुको
ब्राजील	रोका
जायरे व मध्य अफ्रीका	मासोले (मसोल)/चिल्तेनेन
पश्चिमी अफ्रीका	लोगन
जाम्बिया	चितमीन
यूरोप	स्वीड्डेन
सूडान	न्गासू

145. Ans. 2

व्याख्या:-

प्रारम्भिक स्थाई कृषि

- स्थानान्तरित कृषि के क्षेत्र में ही खेतों को बदलने की बजाय एक ही स्थान पर स्थाई रूप से परम्परागत या आदिम तरीके से की जाने वाली निर्वाह प्रकार की कृषि को प्रारम्भिक स्थाई कृषि कहा गया है।
- इस कृषि को स्थानान्तरीत या चलवासी कृषि व्यवस्थाओं का विकसित रूप कहा जा सकता है।
- इसमें खेतों का आवर्तन नहीं होता है बल्कि फसलों का आवर्तन होता है।
- कृषि एक प्राथमिक क्रिया है। फसलों, फलों, सब्जियों, फूलों का उगाना और पशुधन पालन इसमें शामिल हैं। विश्व में पचास प्रतिशत लोग कृषि से संबंधित क्रियाओं में सलंग्न है। भारत की दो-तिहाई जनसंख्या अब तक कृषि पर निर्भर है।

कलाम ACADEMY

- प्राथमिक क्रियाओं में संलग्न श्रमिक **'लाल कॉलर श्रमिक'** कहलाते हैं।

चावल प्रधान निर्वाह कृषि

- इकाई भूमि पर आश्रित लोगों की संख्या अधिक होने के कारण यहाँ अधिकांश कृषि कार्यों में मानवीय श्रम की प्रधानता है एवं साथ में पशु शक्ति का प्रयोग किया जाता है। परन्तु मशीनों का प्रयोग नहीं किया जाता है। अत: इसे **खुरपी संस्कृति/कुदाल संस्कृति/हस्तश्रम संस्कृति (Hoe Culture)** भी कहा जाता है।

146. Ans. 1

व्याख्या:-

- **विश्व के विभिन्न भागों में चलवासी पशुचारण से जुड़ी मानव जातियाँ या मानव समूह:-**
- पश्चिमी अफ्रीका के सवाना मरूस्थल के **फुलानी**
- पूर्वी अफ्रीका (केन्या) के **मसाई** (गाय पालन)
- अरब मरूस्थल के **बद्दू** (ऊँट पालन)
- मध्य एशिया के **खिरगीज, कज्जाक व काल्मुक** (भेड़ व बकरी पालन)
- आर्कटिक तट के **याकूत, सेमोएड व कोरयाक** (रेंडियर पालन)
- भारत में जम्मू-कश्मीर के **गुज्जर, बकरवाल** (पशमीना बकरी पालन)
- हिमाचल प्रदेश के गद्दी व उत्तराखण्ड के **भूटिया** (भेड़ पालन)
- पश्चिमी राजस्थान के **राइका व रेबारी** (ऊँट पालन)
- नीलगिरी क्षेत्र के **टोडा** (भैंस पालक)

147. Ans. 2

व्याख्या:-

- वाणिज्यिक पशुपालन को रेन्चिंग भी कहा जाता है तथा इन पशु फार्मों को विभिन्न क्षेत्रों में निम्न नामों से जाना जाता है:-
- USA में **रेन्च**
- अर्जेन्टीना (पम्पास क्षेत्र में) **एस्टॉन्शिया**
- ऑस्ट्रेलिया में **स्टेशन**

148. Ans. 1

व्याख्या:-

- **चावल प्रधान निर्वाह कृषि**- जनसंख्या अधिक होने के कारण यहाँ भूमि जोत का आकार अत्यन्त छोटा है तथा भूमि का गहन उपयोग होता है जिससे यहाँ प्रति कृषक उत्पादन कम होता है तथा प्रति इकाई (हैक्टेयर) उत्पादन अधिक होता है।

149. Ans. 4

व्याख्या:-

बागवानी कृषि/उद्यानिकी

- यह कृषि प्रणाली सघन जनसंख्या वाले क्षेत्रों से संबंधित है।
- इसमें शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं जैसे:- सब्जी, फल-फूल आदि की कषि की जाती है।
- यह कृषि उत्तरी पश्चिमी यूरोप-ब्रिटेन, डेनमार्क, बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैण्ड तथा उत्तर-पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका के सघन आबाद प्रदेशों तथा भूमध्यसागरीय प्रदेश में कृषि की जाती है।
- यह कृषि मुख्यत: उन क्षेत्रों में की जाती है जहाँ औद्योगिक क्षेत्र हों एवं जनसंख्या घनत्व अधिक हों।
- **संयुक्त राज्य अमेरिका** के दक्षिण-पूर्वी राज्य में इस प्रकार की कृषि को **'ट्रक फार्मिंग'** कहा जाता है जहाँ कृषक केवल सब्जियाँ पैदा करते हैं।
- इन उत्पादों (सब्जियों) को ट्रकों में भरकर फार्म एवं बाजार के मध्य की दूरी रातभर में तय कर सुबह तक बाजार में पहुँचाया जाता है इसलिए इसे **ट्रक कृषि** भी कहा जाता है।

कलाम ACADEMY

150. Ans. 2

व्याख्या:-

- यूरोप में स्थानान्तरणशील कृषि का नाम स्वीड्डेन कृषि है।
- प्रेयरी प्रदेश में बड़े पैमाने पर गेहूँ की कृषि। (प्रेयरी मैदान को **विश्व की रोटी की टोकरी/ ब्रैड बास्केट** कहा जाता है तथा प्रेयरी मैदान में कनाडा में स्थित **विनिपेग** विश्व की **सबसे बड़ी गेहूँ मंडी** के रूप में जाना जाता है।)
- भूमध्यसागरीय कृषि में निर्वाहक तथा वाणिज्यिक दोनों प्रकार की फसलों का उत्पादन है।
- खट्टे फलों के उत्पादन के कारण इस कृषि प्रदेश में शराब उद्योग का विकास हुआ है। (शराब उद्योग का हृदय)
- **चावल प्रधान निर्वाह कृषि**- यह कृषि दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्वी एशिया तथा पूर्वी एशिया के भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैण्ड, लाओस, मलेशिया, इण्डोनेशिया, वियतनाम, फिलीपीन्स, चीन व जापान आदि देशों में की जाती है।
- दक्षिणी पूर्वी एशिया को विश्व में **चावल की टोकरी** के नाम से जाना जाता है।

कलाम ACADEMY